तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदउलफितर का पर्व



14 पीएम आवास के हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालुजन, दर्शन-पूजन के लिए लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चैत्र नवरात्र महापर्व के दूसरे दिन माँ ब्रम्हचारिणी की



विशेष पूजा हुई। शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु भक्तगण देवी मंदिरों में अपनी आस्था का ज्योति प्रज्वलित किए है, वहां दर्शन व पूजन के लिए उमड़ रहे हैं। नवरात्र महापर्व को लेकर शहर के देवी मंदिरों को आकर्षक सजाया गया है। वहीं गावों में शीतला व महामाया मंदिरों के साथ अनेक परिवारों में ज्योत जंवारा की स्थापना की गई। इससे गावों में भी भक्तिमय माहौल है। नव दिन तक चलने वाले इस नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धलुओं में भारी उत्साह है। चैत्र नवरात्र आस्था व आराधना का महापर्व है। हिंदू नववर्ष के साथ 30 मार्च को देवी मंदिरों व घरों में अभिजीत मुहुर्त में घट स्थापना हुई। माता का पंचमी शृंगार 2 अप्रैल को होगा। वहीं हवन अनुष्ठान 5 अप्रैल शनिवार को होगा। इसके साथ महाप्रसादी वितरित की जाएगी। वहीं 6 अप्रैल रामनवमीं का पर्व मनाया जाएगा।

## गांवों में भी ज्योत जंवारा की स्थापना के साथ भक्तिमय माहौल

### सेवा मंडलियां दे रही अपनी प्रस्तुति

नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर, दुर्गा, रामेश्वरी मंदिर, तुमगांव रोड स्थित शारदा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। शाम को सेवा मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति जा रही है। इन सेवा मंडलियों में महिला मंडलियों की टीम भी अपनी प्रस्तुति दे रही है। शहर व गांवों में देर रात तक ध्वनी यंत्रों के माध्यम से माहौल भक्तिमय हो गया है।



### 6 अप्रैल को मनाई जाएगी रामनवमीं

जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को रामनवमीं का पर्व मनाया जाएगा। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत शनिवार 05 अप्रैल को शाम 07 बजकर 26 मिनट पर होगी। वहीं रविवार 06 अप्रैल को शाम 07 बजकर 22 मिनट पर नवमी तिथि समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 06 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी।

**विडंबना:** फर्नीचर की कमी, 570 की दर्ज संख्या में 250 के लिए ही फर्नीचर मौजूद

# भेजे गए प्रस्तावों को मंजूरी नहीं और पारित काम शुरु ही नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कहीं फर्नीचर की कमी तो कहीं छात्रों के लिए अध्यापन कक्ष का अभाव। यह हाल है जिले के सरकारी कॉलेजों का जहां हर साल सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तो भेजे जाते हैं लेकिन मंजूरी नही मिलने के कारण छात्रों को ऐसी मूलभूत समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। वहीं, जिन प्रस्तावों को मंजूरी भी मिल गई, उनका कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

बता दें कि माता कर्मा कन्या कॉलेज को शुरू हुए 20 साल हो चुके हैं। फिर भी यहां छात्राओं की संख्या के हिसाब से सुविधाएं काफी कम हैं। पिछले कुछ वर्षों से कॉलेज में छात्राओं की संख्या बढ़ गई है और बैठने के लिए फर्नीचर की कमी है। वर्तमान में 570 छात्राएं अध्ययनरत हैं और 250 फर्नीचर ही उपलब्ध है। शासन को फर्नीचर के लिए कई बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति नहीं मिलने से समस्याएं कायम हैं। माता कर्मा कन्या कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष की भी कमी है। छात्राओं के बैठने के लिए कक्ष नहीं है। नए कोर्स खोलने में भी परेशानी आ रही है। अतिरिक्त कक्ष के लिए एक करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिली थी। अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा कन्या छात्रावास के लिए भी 2 करोड़ 70 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी, जिसकी नींव भी अब तक नहीं रखी गई है। माता कर्मा कॉलेज के प्राचार्य शीलभद्र कुमार ने बताया कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अतिरिक्त कक्ष और कन्या छात्रावास के लिए राशि स्वीकृति मिली थी, पर काम शुरू नहीं हुआ है।




### मांग नहीं हुई पूरी

जिला मुख्यालय में कॉलेज शहर से दूर है। इस मार्ग पर न ही बस चलती है या आटो। ऑटो चालक मचेवा जाने के लिए 50 रुपए से 100 रुपए किराया लेते हैं। इससे छात्रों का खर्चा बढ़ जाता है। सुबह की पाली में सात बजे से परीक्षा होती है। सुबह की पाली वाले छात्रों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर में सुबह ऑटो नहीं मिलते हैं। छात्रों ने सिटी बस की मांग की थी, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। पिछली सरकार ने रुचि दिखाई थी। वर्तमान सरकार ने छात्रों के आने-जाने के लिए अब तक कोई सुविधा नहीं दी है। गांव से परीक्षा देने आने वाले छात्रों को दिक्कत होती है। सात बजे से पहले बसें भी नहीं चलती हैं।

### जगह का चिन्हांकन नहीं

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कॉलेज के लिए पूर्व में मचेवा में जगह देखी गई थी। इसके लिए राशि की स्वीकृति भी मिली थी। अब कॉलेज भवन के लिए फिर से जगह देखी जा रही है। वर्तमान में कॉलेज मिनी स्टेडियम स्थित वल्लभाचार्य कॉलेज भवन में संचालित हो रहा है। छात्रों बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### अतिरिक्त कक्ष की मांग

वीरेंद्र बहादुर शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में तीन वर्षों से अतिरिक्त कक्ष की मांग की जा रही है। अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। नए कोर्स शुरू करने के लिए भी कक्ष की कमी बनी हुई है। कॉलेज के प्राचार्य पीके भोई ने बताया कि पीजी कोर्स संचालित करने के लिए कक्ष नहीं है। प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

# 3 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा की तस्करी करते एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा की टीम ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख रुपए का 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को 30 मार्च को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक काले कलर के टीवीएस जूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलएल 3851 मे गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है।

इस सूचना पर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया, कुछ समय बाद दोपहिया वाहन में सवार होकर दो लोग आए। जो एक प्लास्टिक बोरी में सीट बीच में कुछ रखे हुए थे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम धर्मेंद्र उर्फ सोनू सोनकर पिता भोलाराम सोनकर (32 साल) रावणभांठा काली मंदिर के पास भाठापारा रायपुर थाना टिकरापारा रायपुर (छत्तीसगढ), प्रमोद भोई



पिता सुनारू भोई (40 साल) संवरापारा वार्ड क्र 5 बरगढ़ (ओडिशा) का निवासी होना बताए। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर बोरी में गांजा होना बताया, जिसमें कुल 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,00,000 रुपए था। आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा स्कूटी कीमत 30,000 रुपए कुल 3,30,000 रुपए का सामान जब्त कर थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया।




### होटल में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस ने किया भंडाफोड़

**महासमुंद।** जय पैलेस में पुलिस ने दबिश देकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है और पैलेस के संचालक व एक अन्य के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच-53 किनारे जय पैलेस लॉज में देह व्यापार चल रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम दबिश देकर लॉज संचालक अंकित पिता जयप्रकाश पटेल निवासी केना को गिरफ्तार किया है। जबकि, पुलिस के आने की भनक लगते ही देह व्यापार में संलिप्त संतोष दास नामक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है। बता दें कि एनएच किनारे देह व्यापार का यह पहला मामला सामने आया है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम छोटेपटनी से एक व्यक्ति के घर से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सेवकलाल रात्रे पिता मंशाराम रात्रे (40 साल) छोटेपटनी के कब्जे से 3 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### पत्थर हटाने कहा तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में पत्थर हटाने को लेकर हुए विवाद में मां और बेटे ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। ग्राम जोबा के राजेंद्र ने तुमगांव पुलिस को बताया कि 30 मार्च की सुबह 8.30 बजे उसने अपने घर के सामने रखे पत्थर को हटाने के लिए गांव के दद्दू ध्रुवंशी से कहा, लेकिन दद्दू ध्रुवंशी एवं उसकी मां तारणी द्वारा पत्थर को नहीं हटायेंगे कहकर गाली देते हुए मारपीट की गई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी देने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ड्राइवर से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरटखुर्द में एक ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना में कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुलेश्वर साहू निवासी खैरटखुर्द ने बताया कि वह अपने दादा बाबूलाल के साथ रहता है और ड्राइवरी का काम करता है। 28 मार्च को तिजउ राम साहू के घर खाना खाने गए थे।

वहां पर संजय साहू के पिता पूरन साहू के साथ खाने को लेकर वाद विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर 29 मार्च की रात करीबन 10 बजे के आसपास पूरन साहू का बेटा संजय साहू अपने साथियों के साथ मोटर सायकल में उसके घर के सामने आया और कॉल कर पिकअप वाहन लेकर रायपुर जाने के लिए बुलाया और कहा कि मैंने तुम्हारे मालिक से बात कर ली है। लेकिन जब प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी संजय साहू ने गाली गलौच कर अपने साथियों के साथ हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट कर दिया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# टुरीझर चोरी मामले का खुलासा बेटे ने ही उड़ाए थे सोने-चांदी के जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस साल जनवरी में ग्राम टुरीझर के घर में हुई चोरी के मामले पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोने-चांदी का सामान जब्त किया है।

पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी सुमेर चक्रधारी ग्राम टुरीझर थाना तेंदूकोना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी की रात घर के भगवान कमरे से एक लाल सफेद रंग के संदूक में रखे पुराना इस्तेमाल किया हुआ 2 नग सोने के कुल 12 पत्ती का मंगलसूत्र काला मोती लगा हुआ वजन करीबन 10 ग्राम, चांदी का एक नग करधन वजनी करीबन 360 ग्राम, एक जोड़ी चांदी की ऐंठी हाथ का वज



करीबन 150 ग्राम व नगदी रकम 10,000 रुपए को संदूक का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा प्रार्थी के पुत्र राधेश्याम चक्रधारी के ऊपर संदेह होने पर पुलिस की टीम के द्वारा उसे थाना लाकर पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर को आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से बरामद किया गया। पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर कीमत 1,03,000 रुपए जब्त कर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# बोर्ड परीक्षा में 58 विद्यार्थियों को मिलेंगे बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस साल दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 58 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। इनमें सबसे ज्यादा संख्या स्काउट गाइड और खिलाड़ियों की है, जिन्हें इसका फायदा मिलेगा। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इनकी सूची भेज दी गयी है। मालूम हो कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यार्थियों की संख्या कम है। पिछले वर्ष यह संख्या 75 थी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ की दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड समेत अन्य कैटेगरी में विद्यार्थियों को 10 से 20 तक बोनस अंक देने का नियम है। पहले बोनस नंबरों की वजह से कई छात्र टॉप-10 की मेरिट सूची तक पहुंच जा रहे थे। इसलिए दो साल पहले नियम में बदलाव किया गया, कि बोनस के नंबर मेरिट में नहीं जुड़ेंगे। जैसे, खेलकूद, एनसीसी, स्काउट गाइड या अन्य कैटेगरी के किसी विद्यार्थी को गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान समेत अन्य विषयों में अच्छे नंबर मिले हैं, लेकिन कुछ नंबर की वजह से वह मेरिट में जगह नहीं बना पा रहे तो वह बोनस अंक भी काम नहीं आएगा। लेकिन छात्र मेरिट लिस्ट में नहीं है तो उसके रिजल्ट में बोनस नंबर जुड़ जाएंगे। इससे रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड या अन्य वर्ग के विद्यार्थी कुछ नंबरों से फेल हो रहे हैं तो बोनस अंक की मदद से वह पास हो सकेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार इस साल दसवीं के 29 और बारहवीं के 29 कुल 58 छात्रों को बोनस अंक दिया जाएगा।

विद्यार्थियों को जो बोनस अंक मिल रहा है उनमें खेलकूद में 10 वीं के 14, जिसमें 8 विद्यार्थी और 6 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह 12 वीं के 19, जिनमें 11 छात्र और 8 छात्राएं कुल 33 हैं। स्काउट गाइड में 10 वीं के 15 जिनमें 6 छात्र और 9 छात्राएं शामिल है। इसी तरह 12 वीं में 4 विद्यार्थी व 6 छात्राएं शामिल हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल ने बताया कि खिलाड़ियों को सिर्फ बोनस अंक ही नहीं, उन्हें ट्रैक शूट, जूता, मोजा, टी-शर्ट, निकर निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके अलावा 25 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान की जाती है।

लॉटरी व सीटों के आवंटन की प्रक्रिया 6 से 10 मई तक होगी, जिले में 13 स्कूल संचालित

# आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन की शुरुआत होगी 10 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ होगी। आवेदन के बाद लॉटरी व सीट आवंटन की प्रक्रिया 6 से 10 मई तक होगी। बता दें कि जिले में अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के कुल 13 स्वामी आत्मानंद स्कूल हैं। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला दिलाने के लिए पालकों को समय सारिणी जारी होने का इंतजार था। सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

एडमिशन प्रक्रिया के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। 5 मई तक आवेदन लिया जाएंगे। प्रवेश के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। एक विद्यार्थी एक स्कूल के लिए ही आवेदन कर सकेगा। बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का चयन भी लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। कंप्यूटर के माध्यम से चयन किया जाएगा। रिक्त सीटों पर अधिक संख्या में आवेदन आने पर लॉटरी के माध्यम से ही चयन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूलों में विद्यालय के क्षमता के अनुसार छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा। विद्यालयों में प्रवेश कक्षा 6 वीं से कक्षा 9वीं में प्रवेश सोसाइटी के निर्णय के अनुसार लिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। 10 अप्रैल से आवेदन लिए जाएंगे।




### अंग्रेजी मीडियम के लिए उत्साह

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पालक ज्यादा रुचि दिखाते हैं। इस कारण पहली कक्षा में एडमिशन के लिए लॉटरी भी निकालनी पड़ती है। अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में सीट की संख्या लिमिट है। आत्मानंद स्कूलों में सबसे ज्यादा छात्र 9 वीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं। 9 वीं कक्षा में 1492 और 10 वीं में 1225 छात्र हैं। जिले में 13 स्कूलों में पहली से 10 वीं तक 4994 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। सबसे ज्यादा छात्र सेजेस महासमुंद में 659 हैं। दूसरे क्रम में सांकरा में सबसे ज्यादा 570 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। तीसरे क्रम में कोमाखान में 500 कुल छात्र हैं।

### इतनी होनी चाहिए आयु

अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में पहली में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीटों में 50% छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की संख्या कम होने पर बालकों का चयन किया जाएगा।

### किसान के घर से आभूषणों सहित 97 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बहेरापाली के एक किसान के घर से रविवार को रानीहार समेत 97 हजार के सामान और नगदी रकम को चोरी का मामला सामने आया है। मामले में प्रार्थी ने सरायपाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में बहेरापाली के उद्धव पटेल पिता नंदलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 29 की रात को घर परिवार के साथ खाना – खाकर घर के सभी दरवाजा खिडकियों को बंद कर सोए हुए थे। घर में अतिरिक्त कमरा है जहां पर टिन चादर से बने लोहे की आलमारी में सोना से बने जेवरात झुमका एक जोड़ी वजनी लगभग 15 ग्राम पुरानी इस्तेमाली एवं रानी हार वजनी लगभग 45 ग्राम कीमत 60000 रुपये एवं चांदी का पायल 3 जोड़ी 200 ग्राम, बिछिया 10 जोड़ी 20 ग्राम, मांग टीका चांदी का 02 जोड़ी 80 ग्राम कीमत लगभग 10000 रुपये, एक वीवो कम्पनी का पुराना मोबाइल कीमती 2000 रुपये एवं नगदी रकम 25000 रुपये कुल जुमला 97000 रुपये को आलमारी में रखे थे।

## अंचल की खबरें

### घर फूंक तमाशा देख विषय पर चित्र प्रदर्शनी



**धमतरी।** सामाजिक कुप्रथाएं एवं नशाखोरी के विरुद्ध जनजागृति पैदा करने समाज कल्याण विभाग जिला धमतरी के बरामदे में घर फूंक तमाशा देख नामक पेंटिंग की पदर्शनी मनोहरदास कलाकार समाज कल्याण विभाग एवं कुमारी बिंदुदास इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आमजनता के अवलोकनार्थ लगाई गई है।

### प्रशिक्षण के बाद गांव लौटे अग्निवीर का हुआ स्वागत



**मगरलोड।** ग्राम डाभा निवासी पोषण साहू पिता शिव कुमार साहू का चयन एसएसआर अग्निवीर इंडियन नेवी में हुआ था। 4 माह का प्रशिक्षण आईएनएस चिल्का उड़ीसा एवं 15 दिन का प्रशिक्षण विशाखापत्तनम में हुआ। 5 माह के प्रशिक्षण के पश्चात गांव लौटे पोषण साहू का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सरपंच, पंचगण, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी, साहू समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**नगरी।** ग्राम पंचायत मेचका में चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर शासन के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024 -25 में पूर्ण हुए आवासों में पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। मौके पर सरपंच जीवनलाल नाग, वार्ड पंच लकेश्वर साहू, रोजगार सहायक दिनेश नाग, नरेन्द्र नेताम, रामभुवन प्रजापति, जगदेव नेताम, पवन नेताम, सुरेश मरकाम, मोगेन्द्र नेताम, टिकेश नेताम, परस साहू, प्रताप यादव, श्रीमती शांता बाई प्रजापति, श्रीमती महेशवरी मरकाम, श्रीमती शंकुतला मरकाम, आवास मित्र भूपेन्द्र नाग मौजूद थे।

### नागेश्वर महलिंगम मंदिर में हुई महाआरती



**सांकरा।** ग्राम सांकरा के शंकर चौक में हिन्दू नववर्ष पर रुद्र परिवार द्वारा श्री नागेश्वर महलिंगम मन्दिर में भव्य आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रीराम सेना सांकरा के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। अमरनाथेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राम भक्तों ने जयकारे के साथ 6 अप्रैल को प्रत्येक घर में दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने की अपील की। मौके पर समिति अध्यक्ष प्रवीण साहू, भरत पटेल, यश साहू, डेविड साहू, लिलेश साहू, टेकांत सोनी, साहिल राजपूत, बिट्टू सोनी, विजय साहू, दयानंद साहू, पोखराज तारक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जरही माता मंदिर में 400 मनोकामना दीप जले





**धमतरी।** धमतरी से 10 किलोमीटर दूर रायपुर रोड पर ओवरब्रिज के पास जरही माता मंदिर में 400 मनोकामना ज्योति जल रही है। मंदिर परिसर में पांच दिवसीय जस झांकी का आयोजन मंदिर समिति द्वारा एवं दानदाताओं के सहयोग से किया गया है। प्रथम दिवस 31 मार्च को अंजनी के दुलरवा फाग एवं जस मंडली भठेली, 1 अप्रैल को जय मां महाकाली फाग एवं जस मंडली भोथली, 2 अप्रैल को नव जगृति जस झाकी परिवार डांडेसरा, 3 अप्रैल को जय मां छत्तीसगढ़ महतारी फाग एवं झस परिवार बगदेही, 4 अप्रैल को जय मां विंध्यवासिनी महिला मानस एवं रामधुनी मंडली गोकुलपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गोविन्द चक्रधारी सांकरा ने दी।

### अमेरिका की सूर्या बेन ने चौथे वर्ष भी प्याऊ घर खुलवाया



**धमतरी।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी बिपिन दोशी एवं गोपाल शर्मा ने स्वास्तिक अंकित कर किया। इस प्याऊ की संचालक डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में निवासरत महाराष्ट्र के अमरावती की मूल निवासी श्रीमती सूर्या बेन शेठ ने अपने पति स्व. मनहर शेठ की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्याऊ की स्थापना करवाई है। यह कार्य श्रीमती शेठ ने अपनी लॉस एंजिल्स की मित्र और धमतरी की मूल निवासी पूर्व विधायक स्व. जयाबेन दोशी की बेटी श्रीमती कृष्णा बेन वलिया के सुझाव पर किया। यह उनके प्याऊ सेवा का चौथा वर्ष है। प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर अरविंद दोशी, मदनमोहन खंडेलवाल, पराग दोशी, नंदन दोशी, पायल खंडेलवाल, गौरव लोहाना, सुनील भारद्वाज, सुलेखा जोशी, ऐश्वर्या खंडेलवाल, धनश्री जोशी, राधिका जोशी, शिवान्या खंडेलवाल, सरिता दोशी, पप्पू, घनश्याम, रिजवान, राजा ने राहगीरों को ठंडा मठा पिलाया।

---

सियासी दलों के नेता व हिन्दू समाज के लोगों ने ईदगाह में मुस्लिम भाइयों को गले लगाया

# मोहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



माहे रमजान रोजे और इबादत में गुजार मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत और भाईचारे का पर्व ईदुल फितर सभी भाइयों से गले मिलकर मनाया। सियासी दलों के नेता, अधिकारी एवं हिन्दू समाज के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले लगाया और साथ बैठकर मीठी सेवइयां खाई। सुबह साढ़े नौ बजे ईदगाह मैदान में हाफिज अमानुल्लाह कादरी ने ईदुल फितर की सामूहिक नमाज अदा कराई। बाद नमाज सलातोंसलाम का नजराना पेश कर पूरे कायनात में अमन सुकून की दुआ मांगी गई। नूरानी यंग कमेटी की ओर से सभी को सेवइयां खिलाई गई। तत्पश्चात सभी ने कब्रिस्तान एवं मजारों में जाकर मरहूमीन के हक़ में फातिहा पढ़ी। इसके पूर्व रविवार को बाद नमाज़ ईशा मस्जिद में दस दिनों तक ऐतेकाफ में बैठे ताहिर रज़ा का समाज प्रमुख अय्यूब ख़ान, गफ्फार हलारी, मोज्जम शाहबुद्दीन, शेख युनूस, शेख़ जमील, इस्लाम रज़ा, मुजीब खां ने गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया।

ईद के दिन सुबह विधायक अजय चन्द्राकर ने फोन पर और विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मनीष साहू, पूर्व पार्षद खिलेन्द्र चन्द्राकर, चंदन शर्मा ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को पर्व की मुबारक़बाद दी।

इस मौके पर हाजी सै. हसन अली, सुलेमान हलारी, शेख बब्बू, हकीम खान, लतीफ उस्मानी, जिकर, कासम अली, जमाल रिजवी, सफी खान, अजीज खां, अमीन हलारी, अहमद, मो. युसूफ, इमरान बेग, इसहाक खां, शेख शाहबुद्दीन, गयासुद्दीन, समसु, अख्तर खान, मेहबूब, फ़ैज़ खान, सलीम गोरी, सरफराज शेख़, रिजवान रिजवी, फरजान, वकार खान, अरमान कुरैशी, जाहिद शेख, रहिम कुरैशी, मुन्ना, जावेद, आबिद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## छात्रों को दिए सिविल सर्विसेज परीक्षा के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल व रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता आकाश सिन्हा डायरेक्टर सीजी एस्पायर एकेडमी धमतरी व सुनील जॉन कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद थे।

अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, पीएससी अन्य सरकारी पदों की तैयारी हेतु गाइडेंस व भारतीय सेना से जुड़कर देश सेवा हेतु प्रेरित करना था। प्राचार्य डॉ मंजु झा ने छात्रों को सिविल सर्विसेज परीक्षा के महत्व व करियर हेतु चयन के लिए प्रेरित करते हुए किया। आकाश सिन्हा ने छात्रों को यूपीएससी, पीएससी के सिलेबस से संबंधित जानकारी दी। सुनील जॉन ने बताया कि सेना में कार्य जीवन जीने का एक तरीका है। आपको अनुशासित करता है। आपको विभिन्न आयाम तक सोचने की क्षमता प्रदान करता है। मंच का संचालन हरविंदर सिंह कुर्रे सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुनय टोप्पो सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान, लोकेंद्र सुधाकर ग्रंथपाल, विजय डोंगरे उपस्थित थे।

## सावधानः छात्रों को ठगने के लिए साइबर ठगों ने फैलाया जाल

- पालकों से रुपए मांगकर छात्रों को पास करने का दे रहे झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शुरू होते ही साइबर अपराधी एक्टिव हो गए हैं। केवल धमतरी जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में साइबर ठग के कॉल आ रहे हैं। पालकों से रुपए मांगकर वे छात्रों को पास करने का झांसा दे रहे हैं। पुलिस विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए पालकों को सावधान रहने की सलाह दी है। ऐसे कॉल आने पर पुलिस से शिकायत करने को कहा गया है।

बोर्ड परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। इस अवसर को भुनाने में साइबर ठग लगे हुए हैं। वे बोर्ड परीक्षा के छात्रों की जानकारी निकालकर उनके पालकों को फोन कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वे पालकों को झांसा दे रहे हैं कि उनका बच्चा दो या तीन विषय में फेल हो गया है। उनको पास करने के लिए वे 5-10 हजार रुपए की डिमांड भी कर रहे हैं। ऐसे कॉल्स केवल धमतरी में नहीं बल्कि सभी जगहों पर आ रहे हैं। पुलिस ने सलाह दी है कि ऐसे फर्जी फोन कॉल्स को अनदेखा करें। ठगों के झांसे में न आएं। किसी व्यक्ति के पास ऐसे कॉल आते हैं तो तुरंत 1930 नंबर डायल कर साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराएं।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने किया गृह प्रवेश

- जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने रिबन काटकर पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम पंचायत कठौली में 30 मार्च को हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्यामा राम निषाद, अर्जुन निषाद, तेजराम नगारची, मोतीराम निषाद, पार्वती साहू के आवास में रिबन काटकर पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश कराया। श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तक पहुंच सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा।

गृहप्रवेश के दौरान कठौली सरपंच खेमराज साहू, उपसरपंच फगनी बाई निषाद, पंचगण शत्रुघन साहू, छगनलाल साहू, हुलसी बाई साहू, पोखराज साहू, कुंती बाई निषाद, संतोषी निषाद, निर्मल साहू, लिलेश साहू, लता बाई साहू, टिकेश्वरी साहू, ताम्रध्वज साहू, लोमेश कुमारी, गणेश राम निषाद, रेखा पटेल समेत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से होंगे 77.59 लाख रुपये के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर कुरुद विधानसभा के गांवों में सामुदायिक गतिविधियों के लिए भवन, चमचमाती सीसी सड़क एवं बारिश से बचाव के सामाजिक भवनों के पास शेड निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2024-25 के तहत 77.59 लाख रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली बड़ी में कुल 6 यूनिट जिसमें आंगन बाड़ी क्रमांक 06 से भारत लाल घर तक एवं राधे राम निषाद घर से खेदूराम घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य किये जायेंगे जिसके लिए 7.80 लाख-लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इसी क्रम में कुरुद विकासखंड के ग्राम चरोटा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5.20 लाख एवं खपरी (सी) के लिए 7.80 लाख रुपये एवं भेलवाकूदा में मेन रोड से मंशा राम ध्रुव घर तक सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। जोरातराई (अं) में बाजार चौक और सतनाम पारा में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपये की स्वीकृति है। इसी प्रकार सुपेला, देवरी, सिहाद व पचपेड़ी में भी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख-लाख रुपये की स्वीकृति है। वहीं सुपेला में शेड निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपये एवं नवागांव थुहा में मुक्तिधाम के लिए 4.79 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। उक्त स्वीकृति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू मगरलोड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद सदस्य आनंद यदु, सिंधु बैस, सरपंचगण छबिलेश सिन्हा, प्रमिला साहू, पूर्णिमा साहू, सरिता बैस ने हर्ष जाहिर करते हुए विधायक श्री चंद्राकर का आभार माना है।

## मुस्लिम समाज ने मनाई ईद, बांटी खुशियां



- नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी सिहावा क्षेत्र में ईदुलफितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में ईदुलफितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए खुशियां बांटते नजर आए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदुलफितर रमजान के महीने के बाद आने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है।यह दिन विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लिए खुशी और आभार का प्रतीक होता है। रमजान के महीने में दिनभर रोजा रखने के बाद, यह त्योहार रात्रि में तरावीह की नमाज के साथ शुरू होता है और विशेष रूप से ईद की नमाज के साथ एक नई शुरुआत का संदेश देता है। नमाज के बाद लोग मस्जिद के बाहर निकलकर एक-दूसरे से मिलते हैं। वे गले लगकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। इस दिन खासतौर पर रिश्ते मजबूत करने की कोशिश की जाती है। लोग एक-दूसरे को मीठे पकवान और सेवई बांटते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद राजा पवार ने ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई दी व आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में इस दिन नए कपड़े पहनने की परंपरा है।

## आंबा कार्यकर्ता बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी



- ब्रम्हाकुमारीज सेंटर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। बीके भावना, बीके परमेश्वरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, दमयंती साहू, सीता साहू, सुशीला गिरी, ऋषि साहू, ललिता गौर, यामिनी नाग, अनीता यादव, प्रेम बाई ठाकुर एवं सहायिका शशि प्रभा ठाकुर, निर्मला यादव, सियाबती ध्रुव, नीरा भरेवा, परमेश्वरी देव, नीलम गौर, गोदावरी सेन, अंजनी साहू, खेमिन साहू, जानकी साहू, गुलेश्वरी साहू को सम्मानित किया।

राजयोगिनी बीके भावना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय व काबिले तारीफ है। नौनिहाल बच्चों के लिए आप आधार स्तंभ हो। आपके द्वारा बच्चों में ज्ञानवर्धक बातों के साथ सुसंस्कार भी दिए जाते हैं जिससे बच्चा एक संयमित व सशक्त नागरिक बनता है। आप बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी हैं। आगे कहा कि जिस प्रकार घृत डालने दीपक जलते हैं ठीक उसी प्रकार वर्तमान समय में परमात्मा शिव हम आत्माओं में ज्ञान रुपी घृत डालकर जगा रहे हैं। हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है वैसे ही आत्माओं में भी सात गुण सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता व ज्ञान होते हैं। आज हमारे पास भौतिक सुख सुविधा है परंतु आत्मिक सुख कहीं नहीं है। श्रीमती महेश्वरी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर परिवार के साथ समाज के कार्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। श्रीमती सीता साहू ने कहा कि हमारी बहनें विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। ऋषि साहू ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास में बहनें विशेष योगदान दे रही हैं। श्रीमती दमयंती साहू ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं ठीक उसी प्रकार कुछ समय निकालकर ईश्वरीय ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना होगा जिससे हमें अलौकिक शांति व आनंद की प्राप्ति होगी। कार्यक्रम का संचालन दमयंती व आभार प्रदर्शन उत्तम साहू ने किया।

## न्यायालय ने 25 दिन के भीतर पार्ट फाइनल पास करने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा लगभग एक वर्ष पहले से पार्ट फाइनल को लेकर उपनिदेशक वरुण जैन टाइगर रिजर्व से जवाब मांगा गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर में एमआर साहू सहायक संचालक सीतानादी टाइगर रिजर्व द्वारा लगभग एक वर्ष पहले से पार्ट फाइनल स्वीकृति नहीं करने एवं अनाधिकृत वेतन कटौती करने के कारण रिट याचिका लगाई गई। वरुण जैन ने कोर्ट के सामने उपस्थित होकर 25 दिनों में पार्ट फाइनल स्वीकृति करने का जवाब दिया। 9 माह के शेष वेतन हेतु न्यायालय ने एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने आदेश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से मनोज परांजपे एवं अनुष्का शर्मा द्वारा पैरवी की गई। पैरवी में श्री परांजपे द्वारा पक्ष रखा गया कि याचिकाकर्ता अपनी बच्चियों को कोटा शिक्षा हेतु भेजने पार्ट फाइनल एक वर्ष पूर्व से मांग की थी जो आज दिनांक तक स्वीकृत नहीं हो पाया। न्यायालय ने इसे संज्ञान में लेते हुए 25 दिन के भीतर जीपीएफ पार्ट फाइनल पास करने निर्देशित किया। वेतन रोकने का अधिकार उपनिदेशक के पास नहीं है। बिना सक्षम अधिकारी नियुक्तिकर्ता अनुशासनिक अधिकारी के स्पष्ट कारण बताओ, विभागीय जांच आदेश के बगैर वेतन रोकना अवैधानिक है। इस पर न्यायालय ने 3 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। नियमतः बिना सक्षम अधिकारी के जांच आदेश किसी अधिकारी कर्मचारी का वेतन नहीं रोका जा सकता।

### गौ माता की सेवा में यादव समाज की अग्रणी भूमिका : रामू

**धमतरी।** छग कोसरिया यादव समाज पाली पोटियाडीह व्दारा संध्या आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि यादव समाज वंदनीय है क्योंकि इस कुल में ही जगत के नाथ जगन्नाथ ने जन्म लिया है। श्री कृष्ण ने स्वयं गौ माता की सेवा की है इसलिए यादव समाज हमेशा ही वंदनीय है। गौ माता की सेवा में यादव समाज की अग्रणी भूमिका है। इस अवसर पर धमतरी जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, निगम सभापति कौशिल्या देवांगना, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, कोमल यादव उपाध्यक्ष नपं आमदी, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल व अघनूराम साहू उपस्थित थे।

## पीएम मोदी का विकास ने किया स्वागत



**नगरी।** बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33,700 करोड़ रुपये से अधिक के परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी का रायपुर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अजजा प्रकोष्ठ भी मौजूद थे।

## जलाशयों से जरुरत अनुसार भरे जाएंगे ग्रामीण तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पानी की कमी वाले स्थानों पर पर्याप्त जल आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पहले ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां जल आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। ग्रामीण इलाकों में गर्मी में सूख जाने वाले तालाबों में जलाशयों और बांधों से पानी भरकर इस समस्या से निपटने का प्रयास भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में चर्चा की। उन्होंने अगले तीन दिनों में ऐसे तालाबों की पहचान करने को कहा, जो गर्मियों में सूख जाते हैं और उन गांवों में लोगों को निस्तारी के लिए असुविधा झेलनी पड़ती है। कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों के तालाबों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़कर भरने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पानी छोड़ने से पहले वितरक नहरों और नालियों की भी अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि बांधों से छोड़ा गया पानी आसानी से तालाबों तक पहुंच सके। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कलेक्टर ने धमतरी के मुख्य पर्यटन केन्द्र गंगरेल बांध में सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने गंगरेल के कैचमेंट एरिया के छोटे टापू-आईलैंड पर भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर विचार किया। श्री मिश्रा ने फैमिली आईलैंड पर पर्यटकों के रूकने, खाने-पीने और मनोरंजन के लिए साधन विकसित करने योजना बनाने को कहा। उन्होंने गंगरेल में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जरूरी स्वीकृति भी नियमानुसार टेलीकॉम कंपनियों को देने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र के शीतला मंदिरों तथा घरों में जले आस्था के ज्योत

**नर्रा।** चैत नवरात्र उत्सव पर नर्रा सहित क्षेत्र के गांवों के शीतला मंदिरों व घरों में आस्था के ज्योत जलाए गए है। साथ ही जग जंवारा का अनुष्ठान किया गया है। इसी प्रकार पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर पर मनोकामना का ज्योति प्रज्ज्वलित हुए। मां आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत नवरात्रि पर नर्रा अंचल के गांव के शीतला मंदिरों तथा घरों पर अभिजीत मुहूर्त में ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। वही नौ दिन में माता के नौ रूप की पूजा पाठ विधि विधान से श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है। माता दर्शन पूजन लोग पहुंचते रहे। नवरात्र पर्व के चलते क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है। सेवा गीत मंडली माता की सेवा भजन गायन कर रहे है। सुबह और शाम ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भक्ति भजनों की सुमधुर ध्वनि प्रसारित किया जा रहा है।

### पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**नगरी।** ग्राम पंचायत मेचका में चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर शासन के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024 - 25 में पूर्ण हुए आवासों में पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। मौके पर सरपंच जीवनलाल नाग, वार्ड पंच लकेश्वर साहू, रोजगार सहायक दिनेश नाग, नरेन्द्र नेताम, रामभुवन प्रजापति, जगदेव नेताम, पवन नेताम, सुरेश मरकाम, मोगेन्द्र नेताम, टिकेश नेताम, परस साहू, प्रताप यादव, शांता बाई प्रजापति, महेशवरी मरकाम, शंकुतला मरकाम, आवास मित्र भूपेन्द्र नाग मौजूद थे।

### नागेश्वर महलिंगम मंदिर में हुई महाआरती



**सांकरा।** ग्राम सांकरा के शंकर चौक में हिन्दू नववर्ष पर रुद्र परिवार द्वारा श्री नागेश्वर महलिंगम मन्दिर में भव्य आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रीराम सेना सांकरा के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। अमरनाथेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राम भक्तों ने जयकारे के साथ 6 अप्रैल को प्रत्येक घर में दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने की अपील की। मौके पर समिति अध्यक्ष प्रवीण साहू, भरत पटेल, यश साहू, डेविड साहू, लिलेश साहू, टेकांत सोनी, साहिल राजपूत, बिट्टू सोनी, विजय साहू, दयानंद साहू, पोखराज तारक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## घुंचापाली स्थित चंडी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़...





बागबाहरा। घुंचापाली स्थित मां चंडी के दरबार में दूसरे दिन दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पूजन अर्चन व दर्शन किए तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के भक्तों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# आजादी के 75 वर्षों बाद देश को मिल रहा है पहला सहकारिता विश्वविद्यालय : प्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम चंद्राकर ने कहा कि सहकारिता सामाजिक, आर्थिक असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आजादी के 75 वर्षों बाद देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालयमिल रहा है। जिसका नाम त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय होगा। ये वही त्रिभुवन दास पटेल है, जिन्होंने गुजरात राज्य सहकारी दुग्ध विपणन संघ को हम सब अमूल के नाम से जानते हैं, वह त्रिभुवन के विचार की ही देन है। जिन्होंने 1946 में गुजरात के एक कस्बे में 250 लीटर दूध से शुरू किया। अमूल की यात्रा आज भारत का सबसे बड़ा डेयरी ब्रांड बनकर विश्व के सामने खड़ी है। 2003 में अमूल का टर्नओवर 2882 करोड़ रुपए था, जो आज 60 हज़ार करोड़ रुपए को पार कर गया है। इस सहकारी विश्वविद्यालय से प्रति वर्ष 8 लाख लोग प्रशिक्षित हो सकेंगे। प्रशिक्षित सहकारी विश्वविद्यालय से पूरे देश को सहकारिता की भावना और आधुनिक शिक्षा से युक्त युवा



सहकारी नेतृत्व मिलेगा। इस विश्वविद्यालय से डिग्री, डिप्लोमा एवं पीएचडी धारक निकलेंगे। रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जो सहकारिता के जानकार होंगे। सहीं रूप से सहकारिता संथाओं का संचालन कर सकेंगे। देशभर में सहकारिता असमान रूप से चल रही है और सहकारिता आंदोलन में विसंगतियां भी है। मोदी सरकार ने पैक्स के बायलॉज बदलने का निर्णय लिया, वह स्वागतेय है। देश में लगभग 3 लाख पंचायत है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में 2 लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां बनाने का निर्णय लिया है, जिससे देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं रहेगी जहां पैक्स नहीं होगा। अमित शाह ने कहा कि पहली बार कोऑपरेटिव सेक्टर में सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क बनाया गया है। जिसके सात प्रमुख पैरामीटर हैं। इसमें पैक्स, डेयरी, मत्स्य पालन, अर्बन कोऑपरेटिव, आवास क्रेडिट और खादी एवं ग्रामोद्योग समितियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि अब जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता के अवार्ड दिए जाएंगे और रैंकिंग के हिसाब से कोऑपरेटिव बैंकों से उन्हें ऋण मिल सकेगा। सहकारिता के माध्यम से आज देश में 36 हज़ार पैक्स पीएम समृद्धि केंद्र के रूप में काम करे रहे हैं, 4 हज़ार पैक्स जनऔषधि केंद्र बन चुके हैं और 400 पैक्स पेट्रोल पंप भी चला रहे हैं। अभी भी भारत में 70 प्रतिशत लोग गांव से जुड़े हुए हैं। भारत गांव का देश है, सहकारिता के माध्यम से देश की आर्थिक स्थिति को काफी मजबूति मिलेगी। सहकारिता के माध्यम से गांवों के लिये काम होगा। किसान के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था संबंधित है। ग्रामीणजनों को आर्थिक समृद्धि बनने में योगदान प्राप्त होगा। सहकारिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ भी समृद्धि व वृद्धि के लिए जाना जायेगा। छग में सहकारी समिति के माध्यम से किसनों को शून्य प्रतिशत पर ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है, जो सहकारिता से जुड़े किसानों को मजबूत बनाता है। सहकार से समृद्धि सिर्फ नारा नहीं है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ सहकारिता क्षेत्र में नवाचार का माध्यम है।

# चेट्रीचंड महोत्सव पर निकाली गई झूलेलाल की शोभायात्रा, स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर में चेट्रीचंड महोत्सव पर भगवान झूलेलाल जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जहां पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ महासमुंद नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान झूलेलाल को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झूलेलाल जयंती हमें एकता, प्रेम, और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। यह जयंती हमें अपने समाज में सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के महत्व को याद दिलाती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस जयंती के अवसर पर एकता और सामाजिक सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। डॉ चोपड़ा ने स्वागत के दौरान सभी लोगों को झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी को इस जयंती के महत्व को समझने और इसके संदेश को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि हम चेट्रीचंड महोत्सव भगवान झूलेलाल जयंती मनाते हैं, जिन्होंने हमारे समाज में एक नए युग की शुरुआत की। उनके आदर्शों और शिक्षाओं ने हमें एकता, प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। साहेब चेट्रीचंड की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, शरद मदनकार तथा शहर के समस्त सिंधी समाज के लोग और पदाधिकारियों समेत शहर के जनमानस भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## मां खल्लारी के दर्शन किए

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के प्रथम दिन मां खल्लारी मां चंडी के साथ -साथ बोडरीदादर स्थित चंडी देव का दर्शन किया। पश्चात आमानारा और दावनबोड़, तुपकबोरा में ज्योत जवारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ में मुख्य रूप से चयन चंद्राकर, कबीर साहू, इंद्र कुमार चौहान, बहादुर ठाकुर, हेमलाल पटेल, मोहन साहू

## हिंदू नववर्ष पर नगर में निकाली गई बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

हिंदू नववर्ष पर नगर में सर्व हिंदू समाज एवं हिंदूवादी समस्त संगठनों द्वारा संध्या विशाल बाइक रैली निकाली गई। तत्पश्चात दुर्गा मंदिर प्रांगण में मां भवानी दुर्गा की महाआरती कर, मीठा प्रसादी वितरण कार्यक्रम किया गया। बाइक रैली के पूर्व मातृ शक्ति बहनों द्वारा सभी का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। जिसके बाद बाइक रैली प्रारंभ हुई। रैली का मातृ शक्ति द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर जनपद कार्यालय होते हुए पिथौरा चौक से वापस दुर्गा मंदिर पहुंच कर समापन किया गया। रैली में सभी हिंदूवादी संगठन सनातनी जागृत परिवार एवं समाज के समस्त जन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, मंदिर चलो समिति, रामराज परिवार, मातृशक्ति महिला समूह, अद्वैत प्रवाह मंडल, कृष्ण गौ सेवा समिति, गायत्री परिवार, सभी मानस परिवार एवं सनातनी सभी समाजों के प्रमुख जन एवं युवा साथी रैली में शामिल रहे।

## खल्लारी मंदिर बेमचा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर खल्लारी मंदिर बेमचा में श्रीमद भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ से पंडित मिथलेश कुमार तिवारी ने भागवत महात्म्य की कथा उपरांत शुकदेव प्राकट्य व भागवत नारद के पूर्व जन्म की कथा में बताया कि कैसे संतों ने श्राप से उपवर्धन नाम का गंधर्व दासी पुत्र बना। संतों की कृपा से दासी पुत्र संत नारद बना। कथा के दूसरे दिन दूसरे दिन शिव सती प्रसंग का किया बखान। कथा में सृष्टि वर्णन वराह अवतार, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र का बखान व्यासपीठ से पंडित मिथलेश तिवारी ने किया। उन्होंने माता सती और शिव द्वारा कुंभज ऋषि के आश्रम में कथा श्रवण प्रसंग में बताया कि माता सती का ध्यान कथा में नहीं लग रहा था। लौटते समय प्रभु राम जंगल में लीला कर रहे थे। माता सीता हरण के बाद विलाप करते राम को देखकर माता सती के मन में संशय हुआ कि भगवान विष्णु के अवतार यदि राम है तो उन्हें सभी परिस्थितियों का ज्ञान होना चाहिए। लेकिन, भगवान राम तो मानव के समान विलाप कर रहे हैं और उन्होंने उसकी परीक्षा लेने की सोची और सीता का रूप धारण कर जब राम के सम्मुख पहुंची तो प्रभु राम ने माता सती को प्रणाम कर पूछा कि भोलेनाथ कहां है? आप अकेले भ्रमण कर रही है। प्रभु राम ऐसा कहने पर माता सती को अपनी गलती का मान हुआ। शिव द्वारा सती त्याग व दक्ष यज्ञ में जाने और यज्ञ विध्वंस की कथा विस्तार से सुनवाई। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



## हिंदू नववर्ष व सिंधी समाज के शोभायात्रा का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**महासमुंद।** सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिंदू नववर्ष के अवसर पर तथा पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वागत किया। हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा के स्वागत कर उन्होंने कचहरी चौक तथा चेटीचंड महोत्सव पर निकली शोभायात्रा का स्वागत कर नेहरू चौक पर पालिकाध्यक्ष ने लोगों को आइसक्रीम का वितरण किया। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवडे, नीरज चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, भरत ठाकुर, सोमेश दवे, रत्नेश साहू, शाहबाज़ राजवानी, शुभम चंद्राकर, आशीष सिक्का आयुष भोसले, कान्हा प्रधान, कुणाल सेन, मनोज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुए व्याख्याता प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइन में अंतरष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक मिलन समारोह में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। इस समारोह में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नयापारा के वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक पुरंदर मिश्रा, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय कुमार खंडेलवाल, विशेष अतिथि समाज सेवी निधि चंद्राकर, जागेश्वरी मढ़रिया थे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व कन्नौजे को शिक्षा में नवाचार एवं कोविड 19 में रेडक्रॉस में उत्कृष्ट कार्य पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। इस



अवसर पर शिक्षक कला अकादमी के अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, संरक्षक परसराम साहू उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, संरक्षक दाऊलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, सहायक संचालक सतीश नायर, नंद किशोर सिन्हा, प्राचार्य अमी रूफस, डॉ राजेश्वर खरे, रामकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, सुशील शर्मा, कमल लूनिया, लीनू चंद्राकर, उमेश भारती गोस्वामी, मानिक लाल साहू आदि ने हर्ष

# एक घंटे की सभा में मोदी की गारंटी का जिक्र तक नहीं

> ■ पीएम मोदी के पास बताने के लिए अपनी कोई उपलिब्ध नहीं इसलिए कांग्रेस के खिलाफ

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छग प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रदेशवासियों, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, दैवेभो कर्मी व पंचायत सचिवों को उम्मीद थी कि भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी बताकर जो वादे किए गए थे, उसे लेकर पीएम मोदी कोई अहम निर्णय लेंगे। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पीएम मोदी आए और बड़ी-बड़ी जुमला हांक कर लौट गए। उन्होंने 1 घंटे के सभा में मोदी की गारंटी का जिक्र तक नहीं किया। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा समस्त भाजपाइयों का एक ही ध्येय वाक्य है, और वह है केवल कांग्रेस का विरोध। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर प्रवास के दौरान हजारों लोगों के बीच सिर्फ कांग्रेस के विरूद्ध जहर उगलने का काम किया। शायद उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि, विगत 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री के पास ऐसा कोई उपलिब्ध नहीं जिसे देशवासियों के समक्ष वे रख सकें। पीएम मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में केवल हिंसा, नफरत और गृणित मानसिकता का बीज देश वासियों के जहन में बोने का काम किया। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेशवासियों को विश्वास था कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा अपने संकल्प पत्र में किए गए वादे को पीएम मोदी आज पूरा करेंगे।





## गुरु बालकदास बाबा की शहादत को आदर्श युवा समिति बरभांठा ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र गुरु बालकदास बाबा के शहादत दिवस के दिन पूजा अर्चना कर गुरु बालकदास बाबा के शहादत को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप देवेंद्र राय, संत टेकराम भारती, लक्ष्मीकांत साहू, गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, अर्जुन कोसरिया, सतीश पचरी, समीर आदि मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्मा
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### झूलेलाल जयंती पर शोभा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** शहर में भगवान झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने लोहिया चौक में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चेट्रीचंड सिंधी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है, जिसे सिंधी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह भगवान झूलेलाल (वरुण देव के अवतार) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन को सिंधी समाज धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गर्व और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में मनाता है।



### नवरात्र पर खरोरा में ज्योति प्रज्ज्वलित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रविवार को चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही जवारा बोया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि में जंवारा बोने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि बिना जंवारा के माता आदिशक्ति दुर्गा की पूजा अधूरी मानी जाती है। धर्म के मान्यताओं के अनुसार जवारा के बोने से उगने और उसके रंग से कई तरह के संकेत मिलते हैं, जंवारा खुशहाली का प्रतीक होता है। चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक माता रानी की सेवा भजन करते हैं। माता रानी की सेवा में भक्तगण जुटे हुए हैं। इसमें भूषण धीवर, रामानंद, अश्वनी, अंरुणा, सरस्वती, कविता, मोक्षा, सागर, पोखन, सुखिया, पायल आदि शामिल है।



### बेमचा खल्लारी में 589 ज्योति प्रज्वलित

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ में ज्योति प्रज्वलित की गई है। यहां कुल 589 ज्योत प्रज्वलित है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



### पीएम आवास में किया प्रवेश

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत सिंघनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच मति झालबाई राय, देवेंद्र राय, रामेश्वर साहू, सुन्दर कुर्रे, लालजी भारती, चैतराम यादव, जया आवड़े, किरण निषाद, रुपसिंग निषाद, नीलमणि निषाद, भोलाराम निषाद, आवास मित्र हेमंत जांगड़े, हेमंत निषाद, अनिल निषाद, महेंद्र निषाद, फूलचंद यादव, द्रोपती निषाद, उमेश्वरी निषाद आदि शामिल रहे।

## पर्व विशेष : नए पोशाक में विशेष नमाज अता करने ईदगाह भाठा पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदउलफितर का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद जमात द्वारा सोमवार को ईदगाह भाटा में हर्षोल्लास के साथ ईदउलफितर का त्यौहार मनाया गया। सुबह से छोटे बड़े बुज़ुर्ग ईदगाह पहुंचे। जहां ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई। ईदुउलफितर ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है, इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद-उल-फित्र का आयोजन इसीलिए किया जाता है, क्योंकि रमजान के पूरे महीने में अल्लाह की इबादत की जाती है और रोजा रखने का अवसर प्राप्त होता है। ईद की नमाज में अल्लाह का शुक्रिया अता की जाती है।

बता दें कि सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद के मौलाना ईरफानुलहक कादरी साहब ने ईद की नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन चैन व सुकून की दुआ की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए अल्लाह पाक परवरदिगार से मगफिरत की दुआएं की और सभी मुस्लिम समुदाय ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा, पूर्व नप अध्यक्ष जुगराज बघेल व थाना प्रभारी सिन्हा ईदगाह भाठा पहुंचे। जहां गले मिलकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी।

बता दें कि मुस्लिम समुदाय रमज़ान उलमुबारक के एक माह के रोज़े मुकम्मल करने के बाद ईदउलफितर का त्योहार मनाते हैं। दिनभर सेवइयों का दौर चलता रहता है। सभी अपने अपने सगे संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय अत्यंत गरीब बेसहारा लोगों की मदद करते हैं। क्योंकि, इस त्योहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा फितरा जकात निकाला जाता है। ताकि, कोई गरीब मायूस ना हो और सभी इस पैसे से अपने अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियां मना सके। तमाम महीनों का सरदार और पवित्र माह रमजान के समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में मुस्लिम समुदाय अल्लाह की इबादत के रूप में रोजा रखता है। रमजान को रहमतों और बरकतों का महीना भी कहा जाता है। रमजान के बाद रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम ईदउलफितर का त्यौहार मनाया जाता है। पाक महीने रमजान के बाद आने वाला यह त्यौहार ईदउलफितर अल्लाह ताला की ओर से रोजेदारों के लिए एक तोहफा होता है। भाईचारे का यह त्यौहार एक दूसरे को गले लगाकर नफ़रत को मिटाने का संदेश देता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है, जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है। मुसलमान रमजान के एक माह रोजे रखने के बाद उन्हे ईद का ईनाम मिलता है। ईद लोगों में बेपनाह खुशियां बांटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है। गरीब से गरीब आदमी भी ईद को पूरे उत्साह से मनाता है। इस दिन अमीर और गरीब का अंतर मिट जाता है। खुदा के दरबार में सब एक है। अल्लाह की रहमत हर एक पर बरसती है और ईद के नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते है। वहीं दूसरी ओर रमजान और ईद में जकात और फितरा का विशेष महत्व है। क्योकि, ईद से पहले जरूरतमंदों को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है, जिससे गरीब से गरीब भी खुशी के साथ ईद का त्यौहार मना सके।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर हाजी अमजद मेमन, हाजी गनी चौहन, ख़्वाजा मियां, हाजी आबीद क़ुरैशी, हाजी बशीर परमार, हाजी वारिश चौहान, फिरोज मेमन, सिकन्दर सिद्दिकी, यूनुस कुरैशी, जियाउल हक, शेख आकिब अहमद (छोटे), रफीक मेमन, नियाज अली, ल्यास मेमन, इस्माइल मेमन, कलीम वारसी, इस्माइल रजवी, फारूख मेमन, मुश्ताक अली, अब्दुल कादीर जिलानी, साजिद खान, प्यारु खान, सज्जाद खान, शहजान पाशा, बड़ा खान, बाबू साहब खान, समीर खान, फिरोज खान, गुलाम गौस, समशाद खान, नासिर खान, अय्यूब खान, अय्यूब कुरैशी, अमीर खान, सलीम खान, इमरान खान, आतिफ सिद्दिकी, अय्युब मेमन, जावेद खान, अरमान खान, गुलाम हैदर रजवी, शाहरुख़ मेमन, सलमान मेमन, सोहेल मेमन, कौनैन रजा, शेख शाहबाज, सद्दाम हुसैन, शब्बीर परमार, आसिफ वारसी, नावेद चौहान, शेख हामिद, साहिल वारसी, बिलाल खान, जावेद खान, रज्जा खान, अब्दुल रज्जाक, इरफ़ान चौहान, हलीम खान, जावेद खान, जुनैद खान, नूरानी हक़, इमरान चौहान, शकील खान, शहबाज खान, जीशान खान, बशिर खान, शेख तौकिर, शेख अफजल, शमीम खान, जावेद खान, असद सैफ गोरी, अकमल रजा, मोहम्मद रजा, अफराज तंवर, इक़बाल खान, जैनुल सिद्दीकी, हारून खान, रफीक तंवर, लतीफ तंवर, अख्तर कुरैशी, जावेद कुरैशी उपस्थित थे।





### हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद का त्योहार, विशेष नमाज अता की





**सरायपाली।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी हर्षोल्लास व शांति पूर्ण रूप से ईद का त्योहार मनाया गया। ईद के त्योहार को सौहाद्रपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन भी सामाजिक बंधुओं ने पुलिस प्रशासन को दिया था। ईद उल फितर का पावन त्योहार सरायपाली में पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातः 9 बजे ईदगाह में एकत्र होकर विशेष नमाज़ अदा की। जामा मस्जिद सरायपाली के पेश इमाम मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी ने तकरीर पेश की, जिसमें उन्होंने रमजान के पाक महीने की बरकतों, ईद उल फितर की अहमियत और इस्लाम में इंसानियत, भाईचारे और सौहार्द की शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईद केवल खुशियां मनाने का नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करने, गरीबों और बेसहारा लोगों तक खुशी पहुंचाने का भी त्योहार है। इसके बाद मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी की अगुवाई में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क में अमन-शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी।

नमाज़ खत्म होते ही लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरा माहौल खुशी और सौहार्द से भर उठा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी के चेहरे पर ईद की रौनक झलक रही थी। बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने नए कपड़े पहनकर ईद की खुशियों का आनंद लिया और अपने परिवार के साथ खुशियां बांटी। ईदगाह में नमाजियों की सुविधा के लिए मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष हाजी शाहिद खान एवं उनकी टीम द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ईदगाह में टेंट और कूलर लगाए गए थे। साथ ही, सभी के लिए ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था की गई थी ताकि, किसी को कोई असुविधा न हो।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत राटापाली में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस तरह बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांकेतिक गृह प्रवेश कराया। जहां से वे वर्चुअली जिले में हजारों हितग्राही को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर ग्राम पंचायत राटापाली में नवनिर्मित घरों में रंगोली साज सज्जा व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गृह प्रवेश कराया गया। इस पंचायत के हितग्राही यशोदा / रजऊ मुरली, कुसुमबाई, केसर बाई, गोमती, केसर पटेल, मुन्नीबाई इत्यादि ने सपनों की घर का चाबी पाकर उत्साहित हुए। इस दौरान वहां के सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, आवास मित्र कौशल कुमार, रोजगार सहायिका डिलेश्वरी पटेल समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## सरकारी प्रशिक्षण में गए आदिवासी किसान की मौत मुआवजे की कोई कोशिश शुरू भी नहीं हुई : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत जनवरी माह में बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम डूमरडीह के वृद्ध किसान स्व. मोहन बरिहा भी ओडिशा के कालाहांडी में कृषक प्रशिक्षण के लिए कृषि विभाग की ओर से गए थे, जहां से वो पूरी होते हुए लौटने वाले थे। परंतु, रास्ते में दुर्घटना होने से उनकी मृत्यु हो गई, जिसका आज तक लगभग ढाई माह बीतने के बाद भी उनके परिवार को सहायता राशि दिलवाने कृषि विभाग की तरफ से कोई पहल नहीं की गई है। अंकित बागबाहरा को जानकारी होने के बाद परिवार से मिलने गांव पहुंचे, जहां वो मृतक की पत्नी सोनबती बरिहा से मिले व परिवार का कुशल क्षेम जाना। मृतक का पत्ता कार्ड बना हुआ है। साथ ही एक्सीडेंट बीमा व नियमानुसार परिवार सहायता राशि मिलनी है, जिस पर अभी तक विभाग द्वारा कोई समुचित लिखित शासकीय प्रयास शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंकित के साथ इस समय परस सोनवानी, जगन पटेल, राकेश दीवान पच व सरपंच पुत्र साहू मौजूद थे। अंकित ने बताया कि मृतक का बेटा, बहू व उसके तीन नाती-नतनिन भी है व भरे पूरे परिवार के ऊपर भारी विपत्ति आ पड़ी है, जिस विषय पर अंकित ने तत्काल उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाकर शीघ्र मुआवजा प्रकरण के लिए मांग करेंगे। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग भी करेंगे। ताकि, गरीब आदिवासी को इसका लाभ मिल सके और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।





### लैब पैथालॉजी के नए संग्रहण केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** मां पैथालॉजी लैब व ईसीजी संस्थान का खरोरा स्थित साईं मंदिर के बाजू में नए संग्रहण केंद्र का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उनके साथ लैब संचालक ललित कुमार चक्रधारी, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता मुन्ना लाल साहू, पत्रकार विपिन दुबे, हक़ीममुद्दीन नासिर, संजय यादव व प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी समेत नेतागण व लैब स्टॉफ मौजूद रहे।

## साइबर ठगों से सतर्क रहें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की धनराशि के लिए कॉल नहीं किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- प्रधानमंत्री नल जल योजना के नाम दुधीपाली के सरपंच से 25 हजार की ठगी

जिले के विकासखंड बसना और सरायपाली के कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को साइबर ठगों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। ठग खुद को पीएचई विभाग, रायपुर और महासमुंद का अधिकारी बताकर फोन कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत मजदूर भेजने का झांसा दे रहे हैं। इसके बदले वे पंचायत प्रतिनिधियों से यात्रा खर्च के नाम पर रकम मांग रहे हैं। बसना के दुधीपाली पंचायत में एक सरपंच से 25, 000 की ठगी हो चुकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सरायपाली के सहायक अभियंता ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी सरपंच या पंचायत प्रतिनिधि से इस तरह की कोई राशि नहीं मांगी जा रही है। यह पूरी तरह भ्रामक और ठगी का प्रयास है। उन्होंने सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर भरोसा न करें। साथ ही फोन पे, गूगल पे या अन्य माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति को पैसे न भेजें। और संदिग्ध कॉल या मैसेज की जानकारी तुरंत पुलिस और विभागीय अधिकारियों को दें।

सहायक अभियंता सरायपाली ने बताया कि विकासखंड बसना एवं सरायपाली के ग्राम पंचायतों के सरपंचों के पास साइबर क्राइम के ठगों के द्वारा रमेश गुप्ता पीएचई विभाग रायपुर के नाम से फोन नं 9473621164 एवं योगेश कुमार पीएचई विभाग महासमुंद के नाम से फोन नं 9127269740 पर कॉल आया जिसमें उन्होंने कहा कि वे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महासमुंद से बात कर रहे हैं, आपके पंचायत में प्रधानमंत्री नल जल में काम करने के लिए लेबर लोग जा रहे है, उनके राशन के लिए 60000 रुपए आपके खाते में डाल रहे, बोला जा रहा है तथा 60000 रुपए में से गाड़ी खर्चा एवं रास्ते का अन्य खर्च के नाम पर 20000 रुपये फोन पे नंबर 8403856013 पर कांत शर्मा के पास भेजने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ठगों के झांसे में न आये, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी प्रकार के राशि के लिए किसी भी सरपंचों के पास कॉल नहीं किया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से भ्रामक है। अगर किसी के पास इस प्रकार का कॉल आता है तो कृपया अपने नजदीकी थाने में रिपोर्ट करें।



### 2 से तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव

**नर्रा।** विलुप्त हो रही नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के तत्वावधान में यह महोत्सव चौथी बार आयोजित किया गया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 16 जिले के 455 नाचा गम्मत पार्टी द्वारा चयनित किए गए। 12 टोलियों द्वारा लगातार तीन दिनों तक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। नाचा गम्मत छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित हमारे पड़ोसी राज्यों में से भी बहुत ही लोकप्रिय है, जिसको जीवंत रखने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नाचा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने बताया कि नाचा गम्मत स्वस्थ मनोरंजन के साथ अनेक प्रकार कि शिक्षाप्रद नाटक, जनजागृति लाने वाले सुन्दर संदेश, जैसे अंधविश्वास, दहेज कुप्रथा, बाल-विवाह, स्वच्छ भारत, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, नशा उन्मूलन, शासन प्रशासन के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अनेक सामाजिक मुद्दे को मंचन कर लोगों को जागरुकता प्रदान करने का कार्य करती आ रही है।

## चैत्र नवरात्रि उत्सव आयोजन के साथ नि:शुल्क योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन गुरु गोविंद सिंह गार्डन बीटीआई रोड में 26 मार्च से 31 मार्च तक किया गया। जिसमें पूनम पटले जिला महामंत्री महिला पतंजलि योग समिति द्वारा चैत्र नवरात्र उत्सव मनाते हुए शिविर का समापन किया गया। जिसमें चैत्र नवरात्रि की जानकारी दी गई व प्रकृति के साथ इसका अवलोकन किया गया। सभी योग साधकों द्वारा संकल्प लिया गया कि वे भूखे को भोजन देंगे। थाली में अन्यथा भोजन नहीं छोड़ेंगे, क्रोध को त्याग देंगे, जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे। वैदिक हवन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रति माह हमें अपने घरों में घी और कपूर द्वारा हवन करेंगे, जिससे कि हमारे घर में सकारात्मकता बनी रहे। सभी वायरसों व बुराइयों का नाश हो घर में सुख शांति का वातावरण बना रहे। योगाभ्यास के साथ-साथ जड़ी बूटी रहस्य बताया गया। प्रतिदिन योग अभ्यास करके जीवन को निरोगी व स्वस्थ बनाएंगे, इसी संकल्प के साथ शिविर का समापन किया गया।

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष व राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव, स्वाभिमान न्यास के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पटले, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ सरोज घृतलहरे, योग शिक्षिका खिलेश घृतलहरे, जया साहू, सुमन यादव, सीमा सागरवंशी, प्रीति ध्रुव, चित्रा बोस, रीना सिंह, सुमति साहू, नीलम, उषा देवांगन, खुशी दीवान, खुशी गोलछा, तुलसी, मीना वर्मा, तुलसी यादव, सुषमा मेहर आदि योग साधकों द्वारा चैत्र नवरात्र उत्सव को योगमय भक्ति के साथ मनाया गया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 30 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411